प्रादेशिक समाचार
26.03.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. विधानसभा में झारखंड कारा सुधार विधेयक पारित, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने जेल डीजी नियुक्त करने की दी सलाह।

2. रांची में भाजपा नेता अनिल टाइगर की गोली मारकर हत्या, विपक्ष ने कहा– राज्य में कानून–व्यवस्था ध्वस्त, मुख्यमंत्री से की इस्तीफे की मांग।

3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आंगनबाड़ी सेविकाओं और कर्मियों को स्मार्टफोन किए वितरित, योजनाओं में पारदर्शिता और गति लाने पर जोर।

4. झारखंड पुलिस ईद, सरहुल और रामनवमी पर्व को लेकर अलर्ट, डीजीपी अनुराग गुप्ता ने रांची में की समीक्षा बैठक।

5. मुख्यमंत्री एकादश ने विधानसभा अध्यक्ष एकादश को हराकर मैत्री क्रिकेट मैच जीता, डॉक्टर इरफान अंसारी प्लेयर ऑफ द मैच, जबकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चुने गए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज।

*******************

विधानसभा के बजट सत्र के 19 वें दिन सर्वसम्मति से झारखंड कारा एवं सुधारात्मक सेवाएं विधेयक 2025 संशोधन के साथ पारित किया गया। इस विधेयक में जेल में सुधार, बंदियों की अभिरक्षा, उत्थान और पुनर्वास से संबंधित कई महत्वपूर्ण बदलाव किये गए है। वहीं सदन में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अन्य 18 राज्यों का उदाहरण देते हुए कहा कि इस विधेयक के तहत राज्य सरकार को भी इन राज्यों की तरह जेल डीजी की पदस्थापना करनी चाहिए जिससे जेल में व्याप्त कमियों को दूर किया जा सके।

इसकी जानकारी देते हुए मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बताया की संशोधित विधेयक में कई प्रावधानों का ध्यान रखा गया है।

*******************

राजधानी रांची के कांके चौक के पास अपराधियों ने भाजपा नेता और पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल टाइगर की गोली मार कर हत्या कर दी गयी। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार अपराधी फरार हो गए। इस मामले की पुष्टि रांची ग्रामीण एसपी ने की और कहा कि पुलिस जांच में जुटी है।

इधर विपक्ष ने जनप्रतिनिधियों पर बढ़ते हमले को लेकर राज्य की कानून–व्यवस्था पर सवाल उठाए। एक सोशल मीडिया पोस्ट पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सख्त कार्रवाई करते हुए अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस्तीफे की भी मांग की है।

इधर, आजसू पार्टी ने अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में कल रांची बंद का आह्वान किया है।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज राजधानी रांची में आंगनबाड़ी सेविकाओं, पर्यवेक्षिकाओं और हेल्पडेस्क कर्मियों के बीच स्मार्टफोन का वितरण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि डिजिटलाईजेशन से योजनाओं और सेवाओं में पारदर्शिता और गति आएगी।

*******************

मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य में चल रही सड़क निर्माण योजनाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी उपायुक्तों को सख्त मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया है।

*******************

मुंबई में 1 से 4 मई 2025 तक आयोजित होने वाले वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट वेव्स (WAVES) के लिए मीडिया डेलीगेट पंजीकरण आज से शुरू हो गया। पत्रकार, फोटोग्राफर, कंटेंट क्रिएटर और मीडिया पेशेवर 15 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। समिट में क्रिएट इन इंडिया चौलेंज, वेवएक्स 2025, वेव्स बाजार और मास्टरक्लास जैसी प्रमुख गतिविधियाँ शामिल होंगी।

*******************

झारखंड पुलिस ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर अलर्ट मोड़ में है। इसे लेकर आज राजधानी रांची में पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी जिलों को दागी व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखने और अतिरिक्त बल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने जानकारी दी कि संवेदनशील जिलों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था रहेगी।

*******************

हजारीबाग जिले में सांप्रदायिक तनाव के बाद क्षेत्र में स्थिति सामान्य होने लगी है। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और असामाजिक तत्वों की पहचान की जा रही है।

*******************

जमशेदपुर के सदर अस्पताल में मरीजों को 4 नई सुविधाएं मिलेंगी।

*******************

झारखंड में अगले कुछ दिनों तक मौसम शुष्क और साफ बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में न्यूनतम तापमान में 3–4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है। हालांकि, बारिश या किसी बड़े परिवर्तन की संभावना नहीं है।

झारखंड में आज का अधिकतम तापमान बहारागोड़ा में 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 33 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस रहा।

*******************

रांची के जेएससीए स्टेडियम में आज मुख्यमंत्री एकादश की टीम ने विधानसभा अध्यक्ष एकादश टीम को हराकर मैत्री क्रिकेट मैच जीत लिया। विजेता टीम ने 103 रन बनाए, जिसमें स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी प्लेयर ऑफ द मैच रहे। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का खिताब आलोक चौरसिया को, जबकि सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का खिताब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मिला और जयमंगल को सर्वश्रेष्ठ फील्डर चुना गया।

*******************

रांची जिला वॉलीबॉल लीग में ऑक्सीजन पार्क वॉलीबॉल क्लब ए ने ऑक्सीजन पार्क बी को हराकर खिताब जीता। समापन समारोह में रांची विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर और वॉलीबॉल संघ के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

*******समाप्त********